भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3202
उत्तर देने की तारीख 11 मार्च, 2026

स्पीड पोस्ट केंद्र

3202. श्री अजय कुमार मंडल :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश भर में विशेषकर बिहार में वर्तमान में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने स्पीड पोस्ट केन्द्र चल रहे हैं;

(ख) क्या सरकार ऐसे और नए केन्द्र स्थापित करने पर विचार कर रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) वर्तमान में, 50 राष्ट्रीय छंटाई हब (एनएसएच) और 211 अंतरा सर्कल हब (आईसीएच) हैं, जो देशभर में स्पीड पोस्ट वस्तुओं को प्रोसेस करते हैं। बिहार में 1 एनएसएच और 10 आईसीएच स्थापित हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध** में प्रदान किया गया है।

(ख) फिलहाल ऐसे और नए केंद्र स्थापित किए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) उपर्युक्त (ख) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(घ) देशभर में एनएसएच और आईसीएच नेटवर्क की स्थापना प्रचालनगत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए की गई है, जिनकी समीक्षा समय-समय पर की जाती है। फिलहाल ऐसी कोई आवश्यकता नहीं है।

****

<u>अनुबंध</u>

<u>राष्ट्रीय छंटाई हब (एनएसएच) और अंतरा सर्कल हब (आईसीएच) की संख्या (राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार)</u>

क्र.सं.		एनएसएच	आईसीएच
क	**राज्य**		
1	आंध्र प्रदेश	3	10
2	अरुणाचल प्रदेश	0	1
3	असम	1	6
4	बिहार	1	10
5	छत्तीसगढ़	1	5
6	गोवा	0	1
7	गुजरात	3	14
8	हरियाणा	3	5
9	हिमाचल प्रदेश	1	3
10	झारखंड	1	5
11	कर्नाटक	3	13
12	केरल	2	11
13	मध्य प्रदेश	2	12
14	महाराष्ट्र	5	19
15	मणिपुर	0	1
16	मेघालय	0	1
17	मिजोरम	0	1
18	नागालैंड	0	1
19	ओडिशा	1	12
20	पंजाब	2	5
21	राजस्थान	2	8
22	सिक्किम	0	0
23	तमिलनाडु	3	17
24	तेलंगाना	1	7
25	त्रिपुरा	0	1
26	उत्तर प्रदेश	6	22
27	उत्तराखंड	1	6
28	पश्चिम बंगाल	3*	12

ख	**संघ राज्य-क्षेत्र**		
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	0	1
2	चंडीगढ़	1	0
3	दिल्ली	2*	0
4	दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव	0	0
5	जम्मू और कश्मीर	2	0
6	लक्षद्वीप	0	0
7	लद्दाख	0	1
8	पुदुच्चेरी	0	0
	कुल	**50**	**211**

* इसमें दिल्ली और पश्चिम बंगाल में सेना डाक सेवा के लिए स्थापित एक-एक राष्ट्रीय छंटाई हब शामिल है।

****